/font>

Title: Need to lay a new railway line connecting Ujjain-Agar-Jhalawar. − Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में उज्जैन से आगर मालवा तक देश की आजादी के पूर्व से सन 1975 तक रेलवे लाइन थी तथा इस रेलवे लाइन पर यात्री गाड़ियां तथा माल गाड़ियां चलती थीं। किंतु, आपातकाल के दौरान सन 1975 के अंत में इस रेल लाइन को उखाड़ दिया गया था। मध्य प्रदेश के इस क्षेत्र के व आसपास के लोग जनहित में उज्जैन-आगर से झालावाड़ तक रेल लाइन डालने की मांग करते रहे हैं। इस पर रेल मंत्री जी के आदेश से इसका सर्वे कराया गया है। सर्वे की रिपोर्ट रेल मंत्रालय के पास अप्रैल, 2000 में पहुंच चुकी है। अतः मैं भारत सरकार के रेल मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि जनहित में तथा रेलवे के हित में उक्त मार्ग पर रेल लाइन बिछाकर रेलवे की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।